हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25वें करगिल विजय दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति ने 1999 में कारगिल की चोटियों पर भारत माता की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वालों को सम्मान पूर्वक देते किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उनका बलिदान और वीरता प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करती रहेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज करगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया । श्री मोदी ने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह देश की रक्षा करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल N.राजा सुब्रमणि, नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन, भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल AP सिंह और एकीकृत रक्षा स्टाफ़ प्रमुख के लेफ्टिनेंट जनरल जॉनसन पी मैथ्यू ने भी करगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज करगिल विजय दिवस पर सेना के जवानों की वीरता को याद किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने हिमालय की दुर्गम पहाड़ियों में परम वीरता दिखाने और दुश्मन सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर वाले सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

****

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कल कारगिल विजय दिवस पूरव संध्या पर चंडीगढ़ के सेक्टर 17 प्लाजा में मशाल यात्रा निकाली ।युवा मोर्चा के अध्यक्ष महकवीर संधू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सेक्टर तीन स्थित युद्ध स्मारक मे दीप प्रज्वलित कर शहीदों को याद किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष महकवीर संधू व सैकड़ों युवाओं ने माल्यार्पण कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके बलिदान का स्मरण किया।इस महत्वपूर्ण दिवस के विषय में विस्तार से बताते हुए युवा मोर्चा प्रभारी रमेश सहोड़ ने कहा कि 26 जुलाई 1999 में भारतीय सेना के पराक्रम से पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारत की सीमाओं से खदेड़ दिया गया था। उन्होंने युवाओं को बताया कि पाकिस्तान की भारत के एक बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की तैयारी थी हालांकि भारतीय सेना ने अदम्य साहस, शौर्य और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को सफल नहीं होने दिया। 25 साल पहले ही भारतीय सेना ने टाइगर हिल पर अपना तिरंगा लहराया था और युद्ध जीतने की घोषणा की थी । इस युद्ध में भारत के 527 वीर जवान अद्भुत पराक्रम दिखाते हुए देश पर बलिदान हुए। इसी जीत की याद और सैनिकों के बलिदान के स्मरण में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच गत लोकसभा चुनाव के परिणाम और हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं पार्टी संगठन से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके विधान सभा क्षेत्र

पंचकूला में हुए विकास कार्यों पर आधारित पुस्तक ‘नौ साल हुआ कमाल’ भी भेंट कीं। इस पुस्तक में पंचकूला विधान सभा क्षेत्र में करीब 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से हुए विकास कार्यों का विवरण है।

हरको बैंक ने वर्ष 2024-25 में 100 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ कमाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बैंक के प्रबंध निदेशक प्रफुल्ल रंजन ने बताया कि हरको बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों की एक बैठक आयोजित करके उक्त लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा अपने ऋण वितरण योजनाओं में भी परिवर्तन किया गया है, जिसमें बैंक द्वारा घर के लिए ऋण की सीमा 75 लाख रूपये और शिक्षा ऋण की सीमा 40 लाख रूपये तक बढ़ाई गई है।डॉ. रंजन ने बताया कि जून 2024 तक हरको बैंक द्वारा 838 करोड़ 28 लाख रूपये के ऋण जारी किये गये हैं।